**प्रेस नोट**

**जनपद – सोनभद्र**

**दिनांक – 21.10.2025**

## थाना दुद्धी पुलिस द्वारा भतीजे की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने वाला अभियुक्त मय आला कत्ल रक्तरंजित तलवार सहित 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार-

**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, **अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन)** श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में तथा **क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री राजेश कुमार राय** के नेतृत्व **दुद्धी पुलिस** द्वारा हत्या के अभियुक्त को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 19.10.2025 को वादी **श्री पच्चू सिंह खरवार पुत्र बुद्धू राम निवासी नगवां (किरकिरीया टोला) थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र** द्वारा दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0-264/2025, धारा 103(1), 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता (BNS)** पंजीकृत किया गया।

वादी द्वारा बताया गया कि **उसके पुत्र जीत सिंह की हत्या** उसके ही **चाचा छोटू उर्फ छट्ठू पुत्र बुद्धू राम** निवासी नगवां (किरकिरीया टोला) द्वारा **पुरानी रंजिश** के कारण **धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार कर** कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुँचे परिजनों के साथ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए अभियुक्त घटना स्थल से फरार हो गया था।

दुद्धी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को **केवल 24 घण्टे के अन्दर** गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की **निशानदेही पर आला कत्ल रक्तरंजित तलवार** भी बरामद की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध **विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय को प्रेषित** किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

**छोटू उर्फ छट्ठू पुत्र बुद्धू राम**, निवासी नगवां (किरकिरीया टोला), थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 46 वर्ष।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –

1. प्र0नि0 **श्री स्वतंत्र कुमार सिंह थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**
2. व0उ0नि0 **सुरेश चन्द्र द्विवेदी थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**
3. उ0नि0 **हरिकेश आजाद**, चौकी प्रभारी अमवार **थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**
4. हे0का0 **सीता राम थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**
5. हे0का0 **राजेश सिंह थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**
6. का0 **आनन्द यादव थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।**